प्रेषक,

संख्या:-529 /सत्तर-1-2026

शकील अहमद सिद्दीकी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग-1

लखनऊ : दिनांक :06 अप्रैल, 2026

विषय:- प्रदेश के युवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये "AI for All" के आयोजन के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0-476/सत्तर-1-2026 दिनांक 31.03.2026 एवं शासन के पत्र सं0-497/सत्तर-1-2026 दिनांक 01 अप्रैल, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रदेश के युवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MPIT), टाटा फाउंडेशन और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "AI for All" की सूचना देते हुए उक्त आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाय, इस हेतु विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजन के प्रचार एवं प्रसार हेतु निर्देशित किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने क्षेत्राधिकार के समस्त महाविद्यालयों के छात्रों के मध्य "AI for All" के आयोजन का प्रचार-प्रसार कराने एवं उक्त आयोजन में पंजीकरण कराने व प्रतिभाग करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक:- यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
Shakil Ahmad Siddiqui
Date: 06-04-2026
15:37:15
(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1- विशेष कार्याधिकारी एवं जन सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवायोजन प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कार्यक्रम समन्वयकों के माध्यम से इस आयोजन हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

2- कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0

3- प्राचार्य, समस्त राजकीय महाविद्यालय, अनुदानित अशासकीय महाविद्यालय एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय, (द्वारा संबन्धित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रति दिन अपने महाविद्यालय के कम से कम 100 छात्रों का पंजीकरण कराकर उसकी सूचना क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से
Digitally signed by
SANJAY KUMAR DWIVEDI
Date: 06-04-2026
(संजय कुमार द्विवेदी)
अनुसचिव

कार्यालय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली

पृष्ठांकन संख्या- क्षे.का.ब./...56.../2026-2027, दिनांक- 06.03.2026

प्रतिलिपि– प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबंधक/निदेशक/सचिव/अध्यक्ष, समस्त राजकीय एवं सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान, बरेली मण्डल एवं मुरादाबाद मण्डल को संलग्नकों सहित इस आशय से प्रेषित कि पत्र का अक्षरशः समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कर "AI for All" के आयोजन का नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय बेवसाइट, विद्यार्थियों के व्हाटसअप ग्रुप, समाचार–पत्रों आदि के माध्यम से प्रचार–प्रसार कराने एवं आयोजन में छात्र–छात्रओं का संलग्न वीडियों अनुसार पंजीकरण उपरान्त प्रतिभाग सुनिश्चित कराने का कष्ट करें ।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली ।